आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 2 सौ स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे।
- शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा — शहरों को आधुनिक, और स्वच्छ बनाने के लिए सकार लगातार काम कर रही है।
- श्री बदरी विशाल के महाभिषेक में प्रयोग होने वाले तिल के तेल को पिरोने और गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा की तैयारियां शुरू।
- और.. एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार महिला सेमीफाइनल में पहुंची।

..............................................................

केदारनाथ यात्रा

केदारनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। गौरीकुंड से केदारपुरी के यात्रा पैदल मार्ग पर सोनप्रयाग, भीमबली, जंगलचट्टी, लिनचोली में मेडिकल राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं। गौरीकुंड व केदारनाथ में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित है। रुद्रप्रयाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की थर्मल स्क्रीनिंग और आपातकालीन उपचार के लिए करीब दो सौ स्वास्थ्य कर्मियों की टीम तैनात रहेगी। इसमें 30 चिकित्सक, 25 फार्मासिस्ट और 30 से अधिक नर्सिंग व सहायक स्टाफ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को अलग—अलग पड़ावों और स्वास्थ्य केंद्रों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री प्रकाश ने बताया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यात्रा मार्ग पर 12 एंबुलेंस भी तैनात रहेंगी। वहीं उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्घटनाओं और आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ टीम ने पुलिस जवानों को बचाव और रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया गया।

..............................................................

शहर विकास

प्रदेश में शहरी विकास को लेकर सरकार ने बड़ा लक्ष्य तय किया है। शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा है कि शहरों को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें, सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और साफ—सफाई सरकार की प्राथमिकता में

हैं। इसके साथ ही जल निकासी, पेयजल और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम जनता की भागीदारी भी जरूरी है।

.............................................................

श्री बदरी विशाल

श्री बदरी विशाल के महाभिषेक में प्रयोग होने वाले तिल के तेल को पिरोने और गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने बताया कि सात अप्रैल को नरेंद्रनगर के राज दरबार में महाराजा मनुजेंद्र शाह की उपस्थिति में माला राज्य लक्ष्मी शाह और सुहागिन महिलाओं की ओर से तिलों का तेल पिरोया जाएगा। इसके बाद गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरू होगी। कलश यात्रा रात्रि विश्राम के लिए ऋषिकेश पहुंचेगी। इसके बाद देवप्रयाग, श्रीनगर, कर्णप्रयाग होते हुए 10 अप्रैल को डिम्मर पहुंचेगी। यहां डिमरी पुजारियों की ओर से तेल कलश को श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में रखा जाएगा। दस दिनों तक भगवान लक्ष्मीनारायण के साथ ही तेल कलश की पूजा–अर्चना की जाएगी। इसके बाद 20 अप्रैल को विधि विधान से तेल कलश यात्रा ज्योतिर्मठ के लिए रवाना होगी। यात्रा 22 अप्रैल को बदरीनाथ पहुंचेगी और 23 अप्रैल को विधि–विधान के साथ कपाट खुल जाएंगे।

.............................................................

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज प्रदेश के पांच जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में आज खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। अन्य जिलों के लिए आंधी–तूफान का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के इस चेतावनी को देखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने संबंधित जिलों को सतर्क रहने के  के साथ ही सभी अधिकारियों और विभागों को हाई अलर्ट पर रहने और फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने आम जनमानस से मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लेने, सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

.............................................................

एचपीवी टीकाकरण अभियान

पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। अभियान  के तहत पहले दिन 10 किशोरियों को टीका लगाया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी  डॉक्टर शिव मोहन शुक्ला ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है। उन्होंनें कहा कि किशोरावस्था में

यह टीका लगने से भविष्य में होने वाले गंभीर खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है। यह अभियान न केवल बीमारी की रोकथाम की दिशा में अहम कदम है। यह किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 26 फरवरी से शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों में नियमित रूप से टीकाकरण किया जाएगा। अभियान अगले तीन माह लगातार संचालित रहेगा।

.............................................................

नाटक ''अंतिम युद्ध''

नैनीताल में हिंदी रंगमंच दिवस पर रंगकर्मियों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान नाटक ''अंतिम युद्ध'' के माध्यम से युद्ध की कुरूपता और उसके वीभत्स स्वरूप को प्रस्तुत किया गया। रंगकर्मी एचएस राणा ने बताया कि नाटक अंतिम युद्ध शासकों की सत्ता लोलुपता और बेकसूर जनता के संहार से उपजे दर्द को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह नाटक वर्ष 1978 में लिखे गए उनके नाटक चौराहे का मसीहा का ही विस्तारित रूप है। श्री राणा ने बताया कि चौराहे का मसीहा का मंचन अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में हुआ था जिसमें अभिनेता निर्मल पांडे और उनके भाई मिथिलेश पांडे ने अभिनय किया था।

.............................................................

मुद्रा योजना

छोटे कारोबार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना हरिद्वार के लोगों के लिए भी काफी मददगार साबित हो रही है। वर्ष 2015 में शुरू की गई इस योजना के तहत छोटे उद्यमियों, दुकानदारों, स्टार्टअप और स्वरोजगार करने वाले लोगों को बिना गारंटी के लोन उपलब्ध कराया जाता है।मुद्रा योजना के अंतर्गत तीन प्रकार के लोन दिए जाते हैं, शिशु लोन में 50 हजार रुपये तक, किशोर श्रेणी में 50 हजार से 5 लाख रुपये, जबकि तरुण श्रेणी में 5 लाख से 10 लाख रुपये तक का लोन मिलता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहयोग देना, नए रोजगार के अवसर पैदा करना और युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। छोटे दुकानदार, कारीगर, हस्तशिल्पी और सर्विस सेक्टर से जुड़े लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

.............................................................

पिथौरागढ़ जिले में सड़क सुरक्षा

पिथौरागढ़ जिले में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के प्रभावी अनुपालन कराने के लिए परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित बाहरी राज्यों के ट्रैक्टर–ट्रॉलियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संबंध में एआरटीओ (प्रवर्तन) श्री शिवांश कांडपाल ने बताया कि

कई ट्रैक्टर–ट्रॉलियां कृषि कार्य के लिए पंजीकृत थी इसके बावजूद ट्रैक्टरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। श्री कांडपाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी

वाहन स्वामियों एवं चालकों से वाहनों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुसार ही करने की अपील की है।

..........................................................

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गये हैं। निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने आज शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब सेमीफाइनल में निकहत का मुकाबला चीन की वू यू से, प्रिया का मंगोलिया की नामुन मोनखोर से और प्रीति का इम ऐजी से होगा। वहीं आईपीएल क्रिकेट में कल पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। आज दोपहर को दिल्ली और मुंबई के बीच मैच खेला जाएगा।

..........................................................